दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

पत्रांक : /2024–25 दिनांक : 21.03.2025

प्रकाशनार्थ

दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर के वाणिज्य विभाग द्वारा एक प्रदर्शनी – 'शोध एवं नवाचार' विषय पर आयोजन किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के मुख्य वक्ता गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सूरज कुमार शुक्ला ने कहा कि नवाचार एक गतिशील प्रक्रिया है जहाँ विचार, वास्तविकता और मजबूती एक दूसरे से जुड़ते हैं। इन सिद्धांतों को समझना और लागू करना व्यक्तियों और व्यवसायों को अपनी नवाचार क्षमता को अधिकतम करने और सार्थक, स्थायी परिणाम प्राप्त करने की अनुमति देता है।

महाविद्यालय के भौतिकी विज्ञान के शिक्षक डॉ. अजेय कुमार तिवारी ने कहा कि नवाचार अलग–अलग लोगों के लिए अलग–अलग अर्थ रखता है, जो उनके अनूठे दृष्टिकोण और लक्ष्यों से आकार लेता है।

वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार सिंह ने बताया कि संगठनों के पास अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए कई विकल्प हैंरू वे मूल्य नेतृत्व के लिए प्रयास कर सकते हैं या विभेदीकरण की रणनीति विकसित कर सकते हैं। दोनों ही मामलों में, नवाचार आवश्यक है।

नवाचार प्रकोष्ठ के सदस्य एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता ने कहा कि वाणिज्य विभाग में जो भी विद्यार्थियों ने मॉडल, चार्ट पेपर एवं लघु शोध प्रस्तुत किया है इससे विद्यार्थियों में नवाचार एवं कुशलता में वृद्धि होगी स आभार ज्ञापन श्री दीपक कुमार साहनी ने किया इस कार्यक्रम मे डॉ.संजय कुमार त्रिपाठी, डॉ.चंडी प्रसाद पांडे डॉ. अभय कुमार मालवीय एवं वाणिज्य विभाग के छात्र / छात्राएं उपस्थित रहे स

डॉ.(सुनील कुमार सिंह)
सह–प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क